अंचल की खबरें

साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक

कोरबा| क्विक हील फाउंडेशन, पुलिस व सेवा भारती संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से जिले में साइबर सुरक्षा के उपर, साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा विषय पर नुक्कड़-नाटक का मंचन किया जा रहा है। मंचन के माध्यम से लोगों को लोक लुभावन जाल में फंसकर अपनी पूंजी नहीं लुटाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सायबर ठगी के शिकार लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसी तारतम्य में सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में हुए नुक्कड़ नाटक से प्राचार्य लता एन पाटिल, मैनेजर डॉ. डीके आनंद, सभी शिक्षक व छात्रों ने इस नाटक से सीख ली और सराहा। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम से कम और सावधानीपूर्वक करने, कभी भी किसी से ओटीपी शेयर ना करने, बैंक कभी किसी को कॉल करके डिटेल नहीं पूछता है, तो ऐसे जाली और फेक कॉल, एसएमएस, मेल से बचे रहने, फेक लिंक, कॉल एसएमएस को जवाब ना देने, कभी किसी अनजान लोगों का वीडियो कॉल ना उठाने की सलाह दी गई। जन साधारण हमेशा सतर्क रहे, सावधान रहे, सायबर ठगी से बचे और अपना जीवन सही तरह से जिये इसकी कोशिश की जा रही है। कोरबा जिला के सभी स्कूल, कॉलेज और चौराहों पर नुक्कड़ नाटक हो रहे हैं और सभी कोरबा के लोगों का इस अभियान को सहयोग मिल रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान योगेश शेट्ये, गौरव निमकर, तृषांत पाते, अमोल आगलावे, कृष्णा नवले, विशाल चव्हाण शामिल थे।